# चीन ने कम करके दिखाई कोरोना वायरस से मृतकों की संख्या: ट्रंप

आरोप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में किलर कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या पर संदेह जताया

## खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चीन ने आंकड़े छिपाए



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की आधिकारिक संख्या पर संदेह जताया है। ट्रंप ने कहा कि हम यह कैसे जानेंगे कि उनके आंकड़े सही हैं या नहीं। उन्होंने कहा, उनके (चीन के) आंकड़े थोड़ा कम लग रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चीन ने मृतकों के आंकड़े छिपाए।

हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं और उनके तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच करीबी रिश्ते हैं। ट्रंप चाहे जो कहें लेकिन पूरे अमेरिका में जैसे–जैसे कोरोना वायरस का कहर बढ़ता जा रहा है, वैसे–वैसे चीन को लेकर बहस तेज होती जा रही है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि बीजिंग ने संभवतः चीन के वुहान में कोरोना के संक्रमण और मौतों को लेकर दुनिया को भ्रमित किया।

अमेरिका के कई खुफिया अधिकारियों ने दावा किया है कि चीन ने मौतों का जो आधिकारिक आंकड़ा जारी किया है, वह फर्जी है। चीन आधिकारिक रूप से ऐलान किया है कि उसके यहां 82,361 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं और 3,316 लोग मारे गए हैं। सुपर पॉवर अमेरिका मौतों के मामले में चीन से आगे निकल गया है।

अमेरिका में 206,207 लोग कोरोना से संक्रमित हैं और 4,542 लोगों की मौत हो गई है। माना जा रहा है कि अमेरिका में मरने वालों का आंकड़ा दो लाख को पार कर सकता है।

**कम से कम 42 हजार लोगों की कोरोना वायरस से मौत**

चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस से कितनी मौतें हुईं, इसको लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। वुहान के स्थानीय लोगों का मानना है कि चीनी अधिकारियों के दावे के विपरीत यहां पर कम से कम 42 हजार लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई। इससे पहले चीन के अधिकारियों ने दावा किया था कि वुहान में मात्र 3200 लोगों की मौत हुई थी।

चीन के हुबेई प्रांत के वुहान शहर की मार्केट से शुरू हुए कोरोना वायरस से चीनी अधिकारियों के मुताबिक अब तक पूरे देश में 3300 लोगों की मौत हो गई जबकि 81 हजार लोग संक्रमित हुए हैं। इनमें से 3,182 लोगों की केवल हुबेई प्रांत में मौत हुई। इस बीच वुहान के स्थानीय नागरिकों ने दावा किया है कि 500 अस्थि कलश हर दिन मृतकों के परिवारों वालों को दिया जा रहा है।

## न्यूज डायरी




### फिलीपीन्स में क्वारंटाइन का उल्लंघन करने वालों को मार दो गोली: राष्ट्रपति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। कोरोना संकट से जूझ रहे फिलीपीन्स में राष्ट्रपति रोड्रिगो दूटेंटे ने सेना को आदेश दिया है कि जो लोग क्वारंटाइन का उल्लंघन कर रहे हैं, उन्हें गोली मार दें। दरअसल, कोरोना वायरस से निपटने के लिए फिलीपीन्स में लॉकडाउन घोषित किया गया है। लॉकडाउन से देश में जरूरी सामान के खत्म होने के कारण लोगों में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है और वे इसका उल्लंघन करने लगे हैं। लॉकडाउन के उल्लंघन से नाराज राष्ट्रपति रोड्रिगो ने सेना और पुलिस को आदेश दिया है कि ऐसे लोगों को गोली मार दें जो परेशानी पैदा कर रहे हैं। बुधवार रात को प्रसारित अपने भाषण में रोड्रिगो ने देशवासियों को यह धमकी दी। राष्ट्रपति के भाषण से ठीक पहले क्विजोन शहर में 21 लोगों को विरोध प्रदर्शन करने और मदद मांगने पर अरेस्ट कर लिया गया था। राष्ट्रपति ने इस विरोध प्रदर्शन के लिए वामपंथियों को जिम्मेदार ठहराया। रोड्रिगो ने कहा, तुम वामपंथी लोग याद रखो कि तुम सरकार नहीं हो।

### अंतरिक्षयात्रियों के यूरिन से चांद पर बसेंगी बस्तियां, कम होगा खर्चा: शोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। चांद पर बस्ती बसाने का सपना देख रही दुनिया के लिए एक अच्छी खबर है। चंद्रमा पर बस्तियां बसाने के लिए एक बेहद सस्ता और आसान विकल्प सामने आया है। एक ताजा शोध में कहा गया है कि अंतरिक्षयात्रियों के मूत्र और चंद्रमा की मिट्टी को मिलाकर भविष्य में चंद्रमा पर बस्तियां बसाई जा सकती हैं। इससे पृथ्वी से चंद्रमा पर सामान भेजने का खर्च भी बच जाएगा।
अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसी आने वाले कुछ दशकों में चंद्रमा पर बस्ती बसाने की योजना पर काम कर रही हैं। हालांकि चंद्रमा की सतह पर सांस लेने लायक वातावरण, रेडिएशन, अत्यधिक तापमान और उल्कापिंडों के लगातार गिरते रहने की वजह से चंद्रमा पर लंबे समय तक रहने के लिए एक मजबूत ढांचे की जरूरत होगी।

### कोरोना का तांडव जारी, दुनियाभर में गईं 40 हजार से अधिक जानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। दुनियाभर में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या मंगलवार को 40 हजार के पार चली गई जबकि 8 लाख से अधिक पॉजिटिव केस दर्ज किए गए हैं जिनमें अकेले 1.74 लाख मरीज अमेरिका में हैं। इन 40 हजार में अकेले 29,305 मौत यूरोप में हुई है जहां का इटली और स्पेन सबसे बड़ी मानवीय आपदा झेल रहा है। वहीं, एक ब्रिटिश स्टडी में दावा किया जा रहा है कि लॉकडाउन लगाने से यूरोप में 50 हजार से अधिक लोगों की जानें बच गई हैं। अमेरिका में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या चीन से ज्यादा हो गई है। चीन ने आधिकारिक आकंड़ा जारी किया है जिसमें वहां अब तक 3309 लोगों की मौत हुई है जबकि अमेरिका में मरने वालों की संख्या 3,415 हो गई है।

### ब्रिटेन ने भारतीय और विदेशी चिकित्सकों की वीजा अवधि बढ़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारतीय और अन्य विदेशी डॉक्टरों को राहत देते हुए ब्रिटिश सरकार ने कोरोना वायरस के संकट के खिलाफ लड़ाई को देखते हुए उनके वीजा की अवधि को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इनके वीजा की मियाद इस साल अक्टूबर में खत्म हो रही है। ये चिकित्सक देश की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए कार्यरत हैं। ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने मंगलवार को कहा कि करीब 2,800 प्रवासी चिकित्सकों, नर्सों और पैरामेडिकल कर्मचारियों के वीजा की अवधि एक साल के लिए बढ़ेगी। इन लोगों के वीजा की अवधि एक अक्टूबर से पहले खत्म होने वाली है। प्रीति ने कहा, दुनिया भर से आए चिकित्साकर्मी कोरोना वायरस से निपटने और जिंदगियां बचाने के एनएचएस के प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहती कि वीजा प्रक्रिया के कारण उनका ध्यान भटके।

## पाकिस्तान की अदालत ने डेनियल पर्ल के हत्यारे की सजा को बदला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कराची। पाकिस्तान में न्याय का मंदिर कही जाने वाली अदालतें भी खूंखार आतंकवादियों को शह देने से बाज नहीं आ रही हैं। पाकिस्तान की एक अदालत ने 2002 के अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या मामले के मुख्य आरोपी अहमद उमर शेख की मौत की सजा बृहस्पतिवार को सात साल कैद में बदल दी। यही नहीं अदालत ने तीन अन्य लोगों को इसी मामले में बरी कर दिया।

दी एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक इस मामले के मुख्य आरोपी ब्रिटेन में जन्मे अहमद उमर शेख को आतंकवाद निरोधी अदालत ने जो सजा सुनाई थी, उसे सिंध उच्च न्यायालय ने पलट दिया। डॉन की खबर के मुताबिक तीन अन्य दोषी फहद नसीम, सलमान साकिब और शेख आदिल जिन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, उन्हें अदालत ने बरी कर दिया है।

जस्टिस मोहम्मद करीम खान आगा के नेतृत्व वाली पीठ ने 18 साल पहले दोषी करार दिए गए उमर की याचिका पर यह फैसला सुनाया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि 7 साल जेल की यह सजा तब से मानी जाएगी जब से उमर जेल में बंद है। उमर पिछले 18 साल से जेल में बंद है। अदालत के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि उमर अब जल्दी ही जेल से छूट सकता है।

## 90 साल की बुजुर्ग बोलीं- वेंटिलेटर युवाओं के लिए रखो, मौत



मैं सांस लेने के लिए कृत्रिम प्रक्रिया का इस्तेमाल नहीं करना चाहती हूं। इसे (वेंटिलेटर) आप मुझसे कम उम्र के मरीजों के लिए बचाकर रखिए। मैंने वैसे भी अपनी काफी अच्छी जिंदगी जी ली है। **-सुजेन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रसेल्स। यूरोप में कोरोना वायरस महामारी सबसे अधिक लोगों को चपेट में ले चुकी है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अस्पतालों में जगह नहीं हैं। और अगर हैं, तो मरीजों को वेंटिलेटर नहीं मिल रहे हैं। इस बीच पश्चिमी यूरोपीय देश बेल्जियम में 90 साल की एक बुजुर्ग महिला की कोरोना वायरस से मौत हो गई। हालांकि, बीमार होने के बाद उन्होंने डॉक्टरों से जो कहा, वह सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। 90 वर्षीय सुजेन होयलार्ट्स को जब महिला को कोरोना वायरस हुआ, तो डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए वेंटिलेटर पर रखने का सुझाव दिया। लेकिन, उन्होंने खुद को वेंटिलेटर पर रखे जाने से इनकार कर दिया। जब सुजेन को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। वहां उन्हें आइसोलेशन में रखा गया। डॉक्टरों ने यह बात उनकी बेटी को बताई। बेल्जियम में अभी तक कोरोना वायरस के कुल 13,964 मामले आ चुके हैं, जबकि इससे 828 लोगों की मौत हो चुकी है।

## पाक में 15 वर्षीय हिंदू बच्ची के साथ रेप हैवान ने जबरन मुस्लिम बनाकर की शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बहावलपुर। कोरोना महासंकट से जूझ रहे पाकिस्तान में हिंदू बच्चियों के अपहरण और रेप की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तान के बहावलपुर शहर में एक 15 वर्षीय हिंदू किशोरी का अपहरण करके उसके साथ रेप किया गया। यही नहीं पीड़िता को जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया और रेप करने वाले हैवान मुनीर अहमद के ही साथ उसका निकाह कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि हिंदू बच्ची को उसके गांव में ही रहने वाले मुनीर अहमद ने अपहरण किया। 13 मार्च को अपहरण के बाद बच्ची को फैसलाबाद ले जाया गया। बच्ची के साथ रेप करने के बाद उसे जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया। मुनीर ने इसके बाद हिंदू बच्ची से जबरन शादी कर ली। उधर, बच्ची की मां को अब यह डर सता रहा है कि मुनीर उन्हें और उनके पांच अन्य बच्चों को प्रताड़ित कर सकता है।

### हैवान ने 4 लाख रुपये लेकर भी नहीं लौटाई बच्ची

बच्ची के पिता की काफी पहले ही मौत हो गई थी। उन्होंने अपने घर को बंद कर दिया है और अपने रिश्तेदार के यहां रहने चली गई हैं। बच्ची की मां ने कहा, हम मजदूर हैं और दिनभर खेती हैं तब जाकर हमारे 6 बच्चों का पेट भरता है। मेरे पति की मौत हो गई है और हर दिन हमारे लिए संघर्षपूर्ण है। मैं एकदम टूट चुकी हूं और दिनभर रोती रहती हूं। मैं अपनी बेटी को वापस चाहती हूं।

बच्ची की मां ने कहा, मैं अपनी बच्ची को बहुत मिस कर रही हूं। मैं उसके बिना कुछ भी नहीं खा पा रही हूं और न ही बना पा रही हूं। ऐसा लग रहा है जैसे हमारे परिवार के किसी सदस्य की मौत हो गई है। जब मैंने अपनी बेटी के गायब होने की सूचना गांव के मुखिया को दी तो उसने पुलिस को बताने की बजाय कहा कि मुनीर खान ने उनकी बेटी का अपहरण किया है और 4 लाख रुपये फिरौती मांग रहा है।

## सिंगापुर में कोरोना वायरस से मृतकों की संख्या चार तक पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। सिंगापुर में कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत का चौथा मामला सामने आया है। देश में कुल संक्रमित लोगों की संख्या 1,000 तक पहुंच गई है। बुधवार को 74 नए मामलों की पुष्टि हुई थी जिनमें से सात भारतीय हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 68 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत दो अप्रैल को हो गई। उसके पास सिंगापुर वर्क पास था। मरीज को राष्ट्रीय संक्रमण बीमारी केंद्र में 22 मार्च को भर्ती किया गया था और उसी दिन उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। वह 20 जनवरी से 16 मार्च के बीच इंडोनेशिया में थे। मरीज को मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी पहले से थी।

बुधवार को देश में कोरोना वायरस के 74 मामले सामने आए जिनमें से सात भारतीय हैं। एक दिन में बढ़ने वाली यह सबसे ज्यादा संख्या है। देश में संक्रमित लोगों की संख्या 1,000 तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि 20 मामले ऐसे हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के अन्य हिस्सों की यात्रा की थी। देश में 24 लोगों की हालत नाजुक है और वह आईसीयू में हैं।